हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, रविवार, 7 दिसंबर 2025


तापमान

अधिकतम 24 .0 डिग्री
न्यूनतम 4 .5 डिग्री


14 नशा तस्करी, हथियार व अवैध शराब कारोबार में संलिप्त 13 आरोपी दबोचे





14 ट्रामा सेंटर में तीन माह से सीटी स्कैन मशीन खराब, मरीजों को अल्ट्रासाउंड के लिए मिल रही लंबी तारीख





## खबर संक्षेप

### सड़क हादसों के आरोपी दो चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। थाना खोल पुलिस ने सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत के बाद 2 दिसंबर को केस दर्ज किया था। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच करते हुए नारनौल के कारोली निवासी अजय को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। थाना सदर पुलिस ने 5 दिसंबर को सड़क हादसे के बाद दर्ज केस में यूपी के बनासदेवी निवासी अंकित को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### दहेज प्रताड़ना के मामले में एक पकड़ा

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज प्रताड़ना के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस शिकायत में एक गांव निवासी विवाहिता ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए परेशान करने और दहेज नहीं लाने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे, परंतु सहमति नहीं बनी। पुलिस ने 19 सितंबर को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस ने राजस्थान के कंठपुरा निवासी जसमेर को गिरफ्तार किया है। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत दो आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सदर थाना पुलिस ने 3 दिसंबर को एक आरोपी नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान उसने गोकलगढ़ निवासी हितेष से नशीला पदार्थ लेने की बात कबूल की थी। पुलिस ने आरोपी हितेष को गिरफ्तार कर लिया। धारूहेड़ा के सेक्टर-6 थाना पुलिस ने हाउसिंग बोर्ड धारूहेड़ा में रहने वाले मूल रूप से यूपी निवासी मुकेश को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है।

### मारपीट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने वर्ष 2018 में मारपीट करने और धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर करीब सात साल पहले कई आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। अन्य आरोपियों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में एक आरोपी सुलखा निवासी अमित पुलिस गिरफ्त से बाहर चल रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश कर दिया। बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### एक्साइज एक्ट का आरोपी चढ़ा हत्थे

**जाटूसाना।** थाना जाटूसाना पुलिस ने एक्साइज एक्ट के तहत दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दड़ौली गांव से शराब बरामद करने के बाद गत 4 दिसंबर को एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। एक आरोपी सत्यवीर फरार होने में कामयाब हो गया था। पुलिस ने आरोपी को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया। थाना खोल पुलिस ने भी एक्साइज एक्ट के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### शादी से लौट रहे युवक की संदिग्ध हालत में मौत

**रेवाड़ी।** शुक्रवार की रात शादी समारोह से लौट रहे विकास नगर के एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार विकास नगर निवासी करीब 40 वर्षीय संदीप शराब पीने का आदि था। वह महेंद्रगढ़ में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था।

*नेशनल हाइवे पर ओढ़ी कट के पास हादसा*

# स्क्रैप के ढेर में लगी आग, गर्भवती महिला को निकाला, पांच दमकल गाड़ियों ने पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी/बावल

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर ओढ़ी कट के पास शनिवार सुबह स्क्रैप के ढेर में आग लग गई। एक गर्भवती महिला आग में फंस गई, जिसे लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग से बाहर निकाला। आग ने इतना भीषण रूप धारण कर लिया कि फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियों को भी आग पर काबू पाने में कई घंटे का समय लग गया। पुलिस और एंबुलेंस भी मौके पर तैनात रहीं। आग इतनी भीषण थी कि काफी एरिया में धुआं ही धुआं नजर आने लगा। आसपास के लोगों में दहशत आग इतनी भीषण थी कि काफी एरिया में धुआं ही धुआं नजर आने लगा बनी रही। नेशनल हाइवे के पास ही ओढ़ी कट से कुछ दूरी पर राजस्थान निवासी मिठ्ठन लाल व उसके बेटे चेतन ने कबाड़ डाला हुआ है।

कबाड़ काफी अधिक था, जिसमें केमिकल के ड्रम से लेकर प्लास्टिक वेस्ट तक था। सुबह करीब 11 बजे कबाड़ से अचानक धुआं निकलना शुरू हो गया। इसी दौरान पास में ही काम कर रही एक गर्भवती महिला कबाड़ के बीच में फंस गई। आसपास से बड़ी संख्या में लोग महिला को बाहर निकालने में लग गए। कड़ी मशक्कत के बाद महिला को निकालने के बाद इस बात का पता किया गया कि आगजनी में कोई और व्यक्ति तो नहीं फंसा हुआ है। इसके बाद लोगों ने अपने स्तर पर आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गए। फायर ब्रिगेड की एक के बाद एक पांच गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। लगभग तीन घंटे बाद आग पर काबू तो पा लिया गया, परंतु आग पूरी तरह नहीं बुझ पाई थी। आगजनी वाली जगह से कुछ ही दूरी पर पेट्रोल पंप होने के कारण लोगों में दहशत का माहौल बना रहा। फायर ब्रिगेड ने आग को दूर तक फैलने से काबू किए रखा। पुलिस ने आग लगने के कारणों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

**आसपास के लोगों में दहशत आग इतनी भीषण थी कि क्षेत्र में धुआं ही धुआं नजर आने लगा**



स्क्रैप में लगी आग बुझाते हुए दमकलकर्मी व खड़ी गाड़ियां

### प्लास्टिक के वेस्ट ने बढ़ाई परेशानी



फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने जैसे ही आग पर काबू पाने के लिए पानी की बौछारें शुरू कीं, प्लास्टिक वेस्ट होने के कारण ऊपरी स्तर पर प्लास्टिक ठंडा होकर जम हो गया। आग प्लास्टिक के अंदर सुलगती रही। पानी की बौछारें कम करते ही आग फिर से फैलती रही, जिससे फायर ब्रिगेड कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आग पर शाम तक पूरी तरह काबू पाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग आग देखने के लिए मौके पर मौजूद रहे।



रेवाड़ी। दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर ओढ़ी कट के पास स्क्रैप में लगी आग।

### पानी की समस्या बनी रही बड़ी बाधा

*आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को आसपास के एरिया में कहीं पानी नहीं मिला। इन गाड़ियों को आईएमटी से पानी लाना पड़ा, जिससे आग पर काबू पाने में ज्यादा समय लग गया। प्लास्टिक वेस्ट के कारण भी आग पर काबू पाने में परेशानी हुई।*
***-नितिश भारद्वाज, फायर ऑफिसर।***

### पूरे एरिया में प्रदूषण का स्तर बढ़ा

प्लास्टिक वेस्ट और केमिकल के खाली ड्रमों में लगी आग से नेशनल हाइवे के आसपास कड़े एरिया में धुआं ही धुआं फैल गया। आसमान में धुएं की चादर बन गई। घंटों तक धुआं आसमान में फैलता रहा, जिससे एरिया में प्रदूषण का स्तर भी बढ़ गया। भारी मात्रा में धुआं उठने के कारण इसका असर रविवार से एक्यूआई पर भी देखने को मिल सकता है। आग पर काबू पाए जाने के बाद ही फायर ब्रिगेड और पुलिस ने राहत की सांस ली।

### पानी के लिए मशक्कत का सामना

फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियां बारी-बार से पानी लाकर आग पर बौछारें करती रहीं। ओढ़ी कट के आसपास पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण गाड़ियों को आईएमटी जाकर वहां से पानी भरकर लाना पड़ा। इसमें इन गाड़ियों को पानी लाने में ही काफी समय गंवाना पड़ा। दूर से पानी लाने के कारण आग पर काबू पाने में ज्यादा समय लग गया। शनिवार को शाम तक आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन धुआं उठना बंद नहीं हुआ था।

# एसडीएम मनोज कुमार ने रैन बसेरे का निरीक्षण किया

- एसडीएम ने रैन बसेरे में किए गए व्यापक प्रबंधों की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बावल

एसडीएम बावल मनोज कुमार ने शनिवार को नगर पालिका बावल की ओर से संचालित रैन बसेरे का निरीक्षण किया। एसडीएम ने रैन बसेरे में किए गए व्यापक प्रबंधों की जानकारी ली। नगर पालिका बावल सचिव ने बताया कि बावल में रैन बसेरा नजदीक पुलिस थाना बावल के पास स्थित है। रैन बसेरे में 8 पुरूष व 4 महिला के रूकने की व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त पीने के पानी, पुरूष व महिला शौचालय एवं स्नान के लिए गर्म व ठंडे पानी की व्यवस्था उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि रैन बसेरे में एक कर्मचारी भी नियुक्त किया गया है। रैन बसेरे में आश्रम लेने के लिए कर्मचारी धनसिंह के मोबाईल नंबर 9050112727 पर संपर्क कर सकते है।



रेवाड़ी। रैन बसेरे का निरीक्षण करते एसडीएम मनोज कुमार। फोटो : हरिभूमि

# औलांत में पंचायती रास्ते से हटवाए अवैध





रेवाड़ी। औलांत में कब्जे हटाती जेसीबी, कब्जे हटाने की कार्रवाई के दौरान जमा लोग। फोटो : हरिभूमि

- पुलिस बल की मौजूदगी के चलते इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डहीना

समीपवर्ती गांव औलांत में पंचायती रास्ते पर लंबे समय किए गए पुख्ता कब्जों को शनिवार को प्रशासन की टीम ने हटवा दिया। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ। कब्जे हटने से ग्रामीणों को काफी राहत मिली है। गांव के पंचायती रास्ते पर कुछ प्रभावशाली लोगों ने कब्जा किया हुआ था। ग्राम पंचायत की ओर से इन कब्जों को हटवाने के लिए लगभग एक दशक पूर्व कोर्ट में केस दायर किया था। कोर्ट ने ग्राम पंचायत के पक्ष में फैसला सुनाते हुए इन कब्जों को तुड़वाने के आदेश दिए थे। शनिवार को एसडीओ पंचायती राज जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में पंचायत विभाग की टीम गांव में पहुंची। टीम के साथ डहीना पुलिस चौक से पुलिस बल भी पहुंच गया था। इसके बाद जेसीबी मशीन से पांच पुख्ता निर्माण धाराशाही कर दिए गए। पांच पक्के निर्माण जेसीबी की मदद से तोड़कर रास्ते को साफ करा दिया गया। पुलिस की मौजूदगी और कोर्ट के आदेश होने के कारण इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ। कब्जे हटने से रास्ता पूरी तरह साफ हो गया, जिससे ग्रामीणों को भी काफी राहत मिली है। गांव के सरपंच प्रतिनिधि संजय कुमार ने बताया कि कब्जे हटाने के आदेश कोर्ट की ओर से जारी हुए थे, जिसके बाद प्रशासन की मदद से कब्जे हटवा दिए गए।

# रेवाड़ी-अलवर रेलखंड पर ऑटोमेटिक सिग्नलिंग कार्य के कारण रेलसेवाएं प्रभावित रहेंगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से जयपुर मंडल के रेवाड़ी-अलवर रेलखंड पर बावल-करनावास-अनाजमंडी रेवाड़ी रेलवे स्टेशनों के बीच ऑटोमेटिक सिगनलिंग कार्य के लिए ब्लॉक लिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण ने बताया कि कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित रेलसेवाएं प्रभावित रहेंगी। रेलसेवाएं आंशिक रद, मार्ग परिवर्तित व रेगुलेट रहेंगी।

### प्रारंभिक स्टेशन से रेगुलेट रेल सेवाएं

गाड़ी संख्या 26482 दिल्ली कैंट-जोधपुर वंदेभारत रेलसेवा 10 दिसंबर को दिल्ली कैंट से प्रस्थान करके रेवाड़ी स्टेशन पर 15 मिनट रेगुलेट रहेगी। गाड़ी संख्या 20984 दिल्ली सराय-भुज रेलसेवा 10 दिसंबर को दिल्ली सराय से प्रस्थान करेगी तथा रेवाड़ी स्टेशन पर 20 मिनट रेगुलेट रहेगी।

### ये रेलसेवाएं रहेंगी आंशिक रद

गाड़ी संख्या 09635 जयपुर-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा 10 दिसंबर को जयपुर से प्रस्थान करके अलवर तक ही संचालित होगी। यह ट्रेन अलवर-रेवाड़ी के मध्य आंशिक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 09636 रेवाड़ी-जयपुर स्पेशल रेलसेवा 10 दिसंबर को रेवाड़ी के स्थान पर अलवर से संचालित होगी। यह ट्रेन रेवाड़ी-अलवर के मध्य आंशिक रद रहेगी।

### इन ट्रेनों का बदला मार्ग

गाड़ी संख्या 14661 बाड़मेर-जम्मूतवी रेलसेवा 10 दिसंबर को बाड़मेर से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी तथा परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा रींगस, नीमका थाना, नारनौल व अटेली स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 14662 जम्मूतवी-बाड़मेर रेलसेवा 9 दिसंबर को जम्मूतवी से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी।

# साहबी नदी पुल पर कैंटर दुर्घटनाग्रस्त चालक गंभीर रूप से हुआ घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

- हादसे के बाद आगे चल रहे वाहन का चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर शुक्रवार की रात आगे चल रहे वाहन में एक कैंटर गाड़ी घुस गई। इससे कैंटर चालक केबिन में ही फंस गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे बाहर निकलवाकर अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी। दिल्ली से जयपुर की ओर जा रही एक कैंटर गाड़ी साहबी नदी पुल पर आगे चल रहे एक वाहन में घुस गई। हादसे के बाद आगे चल रहे वाहन का चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। कैंटर चालक गाड़ी के केबिन में फंस गया। आसपास के लोगों की सूचना पर धारूहेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। चालक के दोनों पैर बुरी तरह फंसे हुए थे। पुलिस ने लोगों की मदद से केबिन तोड़कर चालक को बाहर निकाला। उसके दोनों पैर बुरी तरह जख्मी हो गए। चालक राजस्थान का रहने वाले राकेश बताया गया है, जिससे गंभीरावस्था में अस्पताल में दाखिल कराया गया है। हादसे के बाद हाइवे पर काफी देर तक जाम जैसे हालात बने रहे। पुलिस ने क्रेन की मदद से कैंटर को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया।

**स्वास्थ्य कर्मियों की ओर से नागरिक अस्पताल परिसर में सोलहवां सफाई अभियान चलाया**

# अस्पताल को स्वच्छता का आदर्श मॉडल बनाने पर दिया जोर

- अभियान की विस्तृत योजना डा. सुभाष यादव पीसीपीएनडीटी नोडल अधिकारी की ओर से तैयार की गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

स्वास्थ्य कर्मियों की ओर से नागरिक अस्पताल परिसर में सोलहवां सफाई अभियान उत्साह व टीमवर्क के साथ चलाया गया। अभियान का नेतृत्व पीएमओ डा. सुरेंद्र यादव ने किया। अभियान की विस्तृत योजना डा. सुभाष यादव पीसीपीएनडीटी नोडल अधिकारी की ओर से तैयार की गई। इस दौरान अस्पताल परिसर, पार्किंग क्षेत्र, जनरल वेस्ट एरिया, जेनसेट क्षेत्र व आसपास के विभिन्न हिस्सों की विशेष सफाई की गई। अभियान में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों, कर्मचारियों व स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सफाई अभियान में डा. सुरेंद्र यादव, डा. इंद्रजीत यादव, डा. सुभाष यादव, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर सरोज देवी, अनीता सैनी, सुपरवाइजर मदन, माली पवन कुमार, अरुण कुमार, मान सिंह, सेनिटेशन स्टाफ से नरेश, नवीन, अजय, प्रकाश, लक्ष्मण, राजेश, देशराज, मंगल, शांति, अजय, प्रवीण, वार्ड अटेंडेंट दुर्गा, संजीव, दिनेश खींची, मोनू, इलेक्ट्रिशियन हेल्पर सूबे सिंह व गैस मैनिफोल्ड स्टाफ सहित अन्य अनेक कर्मचारियों ने योगदान दिया। सभी ने जिम्मेदारी और एकजुटता का परिचय देते हुए अस्पताल को स्वच्छता का आदर्श मॉडल बनाने में योगदान दिया। इस मौके पर पीएमओ डा. सुरेंद्र यादव ने कहा कि अस्पताल केवल उपचार का केंद्र नहीं, बल्कि एक स्वच्छ, हरित और मानव-केंद्रित स्वास्थ्य संस्थान का आदर्श उदाहरण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लें। मरीजों की पीड़ा को समझते हुए उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। डा. यादव ने टीम भावना, कर्तव्यनिष्ठा और मरीजों के प्रति संवेदनशीलता को अस्पताल संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनाने पर जोर दिया।





रेवाड़ी। नागरिक अस्पताल में सफाई करते हुए स्वास्थ्य कर्मी। फोटो : हरिभूमि

### गांव मोहनपुर में प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम कल

**रेवाड़ी।** जिला प्रशासन की ओर से 8 दिसंबर को बावल तहसील के गांव मोहनपुर में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सीटीएम जितेंद्र कुमार ने बताया कि डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया जाएगा। हरियाणा सरकार की जनहितकारी नीतियों की जानकारी देने के लिए विभागीय प्रदर्शनी लगाई जाएगी। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।




हमारे देश में सोना हमेशा से ही धन और सुरक्षा का प्रतीक रहा है, लेकिन बदलते समय के साथ सोने में निवेश का तरीका भी बदल रहा है। अब सोने को घर में रखने, सुरक्षा की चिंता करने या मेकिंग चार्ज और जीएसटी भरने की जरूरत नहीं, क्योंकि गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड ने निवेशकों के लिए एक मॉडर्न, आसान और बिना झंझट वाला रास्ता खोल दिया है।

## निवेश का नया ट्रेंड : स्मार्ट निवेशकों की पहली पसंद

# गोल्ड ईटीएफ व फंड का धमाल

- एक गोल्ड ईटीएफ यूनिट का मतलब एक ग्राम सोने का 10वां हिस्सा
- इन यूनिट्स को एनएसई और बीएसई जैसी स्टॉक एक्सचेंजों पर खरीद या बेच सकेंगे
- सोना हमेशा से धन और सुरक्षा का प्रतीक रहा, अब निवेश का तरीका भी बदल गया
- अब सोने को घर में रखने, सुरक्षा की चिंता करने या मेकिंग चार्ज और जीएसटी भरना जरूरी नहीं
- गोल्ड ईटीएफ व फंड निवेशकों के लिए एक मॉडर्न, आसान और बिना झंझट वाला रास्ता खोला

निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

हमारे देश में सोना हमेशा से ही धन और सुरक्षा का प्रतीक रहा है, लेकिन बदलते समय के साथ सोने में निवेश का तरीका भी बदल रहा है। अब सोने को घर में रखने, सुरक्षा की चिंता करने या मेकिंग चार्ज और जीएसटी भरने की जरूरत नहीं, क्योंकि गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड ने निवेशकों के लिए एक मॉडर्न, आसान और बिना झंझट वाला रास्ता खोल दिया है। कम खर्च, ऑनलाइन ट्रेडिंग की सुविधा और टैक्स के बड़े फायदे इन दोनों को आज के स्मार्ट निवेशकों के बीच सबसे लोकप्रिय विकल्प बना रहे हैं। जानकारों का कहना है कि भारत में सोना सिर्फ निवेश नहीं, बल्कि समृद्धि और सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है। पहले लोग ज्यादातर जेवर, सिक्के या सोने की ईंटें (बार) खरीदकर ही निवेश करते थे, क्योंकि यही आम तरीका था, लेकिन अब समय बदल गया है। आज ऐसे विकल्प मौजूद हैं, जिनमें न तो सोना घर पर रखने की जरूरत है और न ही सुरक्षा की चिंता रहती है। गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड दोनों विकल्प सोने में निवेश को आसान, सुरक्षित, और बिना झंझट वाला बना देते हैं। आप इन्हें शेयर की तरह ही मार्केट के खुले होने पर कभी भी खरीद-बेच सकते हैं।



### गोल्ड ईटीएफ में निवेश आसान

गोल्ड ईटीएफ में निवेश करना बहुत आसान होता है। आप इन्हें मार्केट के समय के दौरान तुरंत खरीद या बेच सकते हैं। इन पर लगने वाला सालाना खर्च भी कम होता है, करीब लगभग 0.50%। यह उन लोगों के लिए बेहतर विकल्प है, जो सोने की कीमत में होने वाले उतार-चढ़ाव का फायदा लेना चाहते हैं, बिना इस चिंता के कि सोना घर पर कैसे रखें या उसकी सुरक्षा कैसे करें।

### क्यों बेहतर हैं गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड

ये सस्ते होते हैं, खरीदना-बेचना आसान है, चोरी या स्टोरेज की चिंता नहीं, फिजिकल गोल्ड के झंझट (मेकिंग चार्ज, जीएसटी, सेफ्टी) पूरी तरह खत्म रहता है। इसके अलावा, आपको सोने का वही पारंपरिक फायदा भी मिलता है, जैसे महंगाई से बचाव, समय के साथ सोने का मूल्य स्थिर रहता है, अगर आप सोने में एक मॉडर्न, सुरक्षित और बिना झंझट वाला तरीका चाहते हैं, तो गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड सबसे बेहतर विकल्प नजर आते हैं।

### क्या इनकी सबसे बड़ी खासियत

- मेकिंग चार्ज नहीं लगता
- स्टोरेज की कोई दिक्कत नहीं
- चोरी या सुरक्षा की चिंता नहीं
- असली सोने की तुलना में कम खर्च
- अगर आप सोने में निवेश को सिंपल और एफिशिएंट रखना चाहते हैं, तो ईटीएफ और फंड ऑफ फंड बेहतरीन विकल्प हैं।

### एक गोल्ड ईटीएफ का क्या होता है मतलब

- एक गोल्ड ईटीएफ यूनिट का मतलब होता है एक ग्राम सोने का दसवां हिस्सा, जिसे बैंक के सुरक्षित वॉल्ट में रखा जाता है। आप इन यूनिट्स को एनएसईऔर बीएसई जैसी स्टॉक एक्सचेंजों पर खरीद या बेच सकते हैं।

### गोल्ड फंड ऑफ फंड

- अगर आपके पास डीमैट अकाउंट नहीं है, या आप चीजों को और भी आसान रखना चाहते हैं, तो गोल्ड फंड ऑफ फंड अच्छा विकल्प है। ये फंड ज्यादातर पैसा गोल्ड ईटीएफ में ही निवेश करते हैं। मतलब आपको सोने का फायदा मिलता है, पर कोई स्टोरेज या सिक्योरिटी की टेंशन नहीं रहती।

### कम पैसों से निवेश की सुविधा

- गोल्ड फंड्स में सिर्फ 500 रुपये प्रति महीना एसआईपी से निवेश शुरू कर सकते हैं। इनके खर्च (एक्सपेंस रेश्यो), ईटीएफ के मुकाबले कुछ ज्यादा होते हैं, कुल मिलाकर करीब 1%, क्योंकि इनमें ईटीएफ का खर्च भी शामिल होता है, लेकिन इसका फायदा यह है कि डीमैट की जरूरत नहीं होती।

## शेयर और प्रॉपर्टी से लेकर रिटायरमेंट तक

# बेहद कारगर है 7 फीसदी का रूल

- इस नियम से शेयर में नुकसान कम करने में मदद मिलती है
- रिटायरमेंट प्लानिंग और रियल एस्टेट इनवेस्टमेंट में भी करता है सहायता
- निवेश से पहले जान लें तरीका, आंख बंद करके फॉलो न करें कोई नियम

सुझाव

बिजनेस डेस्क

निवेश से जुड़े फैसले करना जितना आसान लगता है, उतना है नहीं। गलत फैसले कभी-कभी पूरी प्लानिंग बिगाड़ देते हैं। इसलिए कई पॉपुलर इनवेस्टमेंट रूल यानी निवेश के नियम इस्तेमाल किए जाते हैं, ताकि फैसले करना आसान हो सके। ऐसा ही एक नियम है "7% रूल" यानी 7% का नियम. यह एक ऐसा रूल है, जिसे शेयर बाजार ट्रेडिंग से लेकर रिटायरमेंट प्लानिंग और रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट तक, इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन ऐसे किसी भी नियम को सिर्फ एक इंडिकेटिव टूल की तरह लेना चाहिए, इन्हें आंख मूंदकर फॉलो करना ठीक नहीं होता।

### शेयर बाजार में सात प्रतिशत का रूल

ट्रेडिंग करते समय भावनाओं में बहकर फैसला करना सही नहीं होता। कई बार हमारे स्टॉक्स या निवेश की कीमत गिरती रहती है, लेकिन हम स्टॉप लॉस पर अमल करने की जगह रिकवरी की उम्मीद में इंतजार करते रह जाते हैं। इस चक्कर में कई बार बड़ा नुकसान हो जाता है। स्टॉक मार्केट इनवेस्टमें में 7% रूल का मतलब यह है कि आपने कोई शेयर जिस प्राइस पर खरीदा है, उससे 7% नीचे गिरने पर उसे बेच दें, यानी 7% का स्टॉप लॉस लगाएं, इससे आप अपनी पूंजी को आगे चलकर होने वाले बड़े नुकसान से बचा पाएंगे। यहां 7% की लिमिट इसलिए रखी गई है, क्योंकि आंकड़ों पर आधारित कई रिसर्च में यह पाया गया है कि बाजार में माहौल सामान्य हो, तो कोई शेयर 7-8% से ज्यादा गिरने का मतलब उस कंपनी में कोई गंभीर दिक्कत हो सकता है। यानी यह लेवल एक अलार्म की तरह काम करता है। इस नियम से ट्रेडिंग में डिसिप्लिन आता है और भावनाओं को कंट्रोल करके सही फैसला किया जा सकता है।



### स्टॉक मार्केट और शेयर की चाल देखकर करें फैसला

हालांकि हर शेयर एक जैसा नहीं होता। कुछ ज्यादा उतार-चढ़ाव वाले होते हैं। ऐसे में 7% की जगह कभी-कभी 8-10% की दूरी रखनी पड़ सकती है, जबकि स्टेबल ब्लू-चिप स्टॉक्स के लिए 7% काफी है। यानी रूल वही है, लेकिन उसका इस्तेमाल स्टॉक मार्केट और शेयर की चाल देखकर करना चाहिए।

### रिटायरमेंट प्लानिंग में 7% विदड्रॉल रूल

रिटायरमेंट प्लानिंग करते समय एक बड़ा सवाल ये होता है कि रिटायरमेंट फंड में जमा पैसे कितने साल तक चल पाएंगे? इस सवाल का जवाब देने में भी 7% का रूल इस्तेमाल किया जाता है। यहां इस रूल का मतलब है कि आप अपनी कुल रिटायरमेंट सेविंग का 7% हिस्सा पहले साल में निकाल सकते हैं। यानी अगर आपके पास 1 करोड़ रुपये हैं, तो पहले साल 7 लाख रुपये निकाल सकते हैं। इसके बाद हर साल महंगाई के असर को देखते हुए थोड़ी बढ़ोतरी कर सकते हैं।

### रिटायरमेंट प्लानिंग में 7% विदड्रॉल रूल कितना सही

हालांकि रिटायरमेंट प्लानिंग के मामले में 7% विदड्रॉल का रूल बहुत एग्रेसिव माना जा सकता है। अगर कॉर्पस की बची रकम पर रिटर्न थोड़ा कम मिले या बाजार में गिरावट आ जाए तो इतना ज्यादा पैसा निकालना आपके फंड को जल्दी खत्म कर सकता है। खासकर अगर रिटायरमेंट के बाद लंबे समय तक उस फंड पर निर्भर रहना हो। आमतौर पर 4% विदड्रॉल बेहतर और लॉन्ग टर्म के लिए ज्यादा सुरक्षित माना जाता है. यानी 7% रूल को आंख मूंदकर फॉलो करने की जगह निवेश पर मिल रहे रिटर्न और आगे की जरूरतों को ध्यान में रखकर फैसला करना चाहिए।

### प्रॉपर्टी सेलेक्शन में 7% रिटर्न का रूल

अगर आप किराये पर देने के लिए प्रॉपर्टी खरीदना चाहते हैं, तो इस रूल से तुरंत अंदाजा लग जाता है कि डील फायदेमंद है या नहीं। इसके अनुसार किसी भी प्रॉपर्टी से एक साल में मिलने वाली रेंटल इनकम प्रॉपर्टी की वैल्यू के कम से कम 7% के बराबर होनी चाहिए। यानी अगर किसी घर या दुकान की कीमत 1 करोड़ रुपये है, तो उससे एक साल में कम से कम 7 लाख रुपये किराया मिलना चाहिए। यह रूल प्रॉपर्टी खरीदते समय अच्छे ऑप्शन की पहचान करना आसान बनाता है।

### रूल से सिर्फ मदद लें, फैसला खुद करें

7% रूल शेयर बाजार, प्रॉपर्टी परचेज और रिटायरमेंट जैसे तीन बड़े आर्थिक फैसलों में आपकी मदद कर सकता है, लेकिन हर व्यक्ति की आर्थिक स्थिति, उम्र और जोखिम उठाने की क्षमता अलग-अलग होती है। इसके अलावा मार्केट कंडीशन्स और भविष्य की संभावनाओं पर आधारित आउटलुक भी बदलते रहते हैं, इसलिए इस रूल को समझकर, जरूरत के हिसाब से एडजस्ट करके चलें, निवेश के बारे में सही फैसला तभी ले पाएंगे, जब किसी नियम पर आंख बंद करके यकीन करने की जगह सभी पहलुओं पर विचार करके कदम उठाएंगे।

## लग्जरी लाइफ या ईएमआई का मकड़जाल

# किसी मुगालते में तो नहीं जी रहे आप

- अमीरी सिर्फ दिखावे की तो नहीं, ये रेड फ्लैग देखकर हो जाएं अलर्ट
- ईएमआई और बीपीएनएल की मदद से अमीरों जैसे दिखने का प्रयास ने करें
- इस तरह तो कर्ज में ही फंसे रहेंगे आप, नहीं मिलेगी कहीं भी राहत
- सैलरी ईएमआई, क्रेडिट कार्ड बिल और उधारी में खत्म होना ठीक नहीं



सतर्कता

बिजनेस डेस्क

अगर आप भी सिर्फ दिखावे के लिए लग्जरी लाइफ जी रहे हैं और अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए लोन और कर्ज पर निर्भर हैं तो सावधान हो जाएं, आप कर्ज के मकड़जाल में फंसते जा रहे हैं। यह आपके जीवन को तबाह कर सकता है। मसलन दिखावे की अमीरी के लिए आप बैंक से लोन ले रहे हैं, बेहताशा क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल कर रहे हैं या फाइनेंसरों के जाल में फंस रहे हैं तो यह किसी भी नजरिये से ठीक नहीं हैं। सोशल मीडिया पर ट्रैवल फोटो, नई कार, ब्रांडेड फोन और फैशन देखकर लगता है कि बाकी सब लाइफ में मस्त हैं और आप पीछे रह गए हैं। इसके बाद शुरुआत होती है ईएमआई, क्रेडिट कार्ड और बीएनपीएल की दुनिया। यही मुगालता आपको कर्ज में फंसता है और इससे निकलना काफी मुश्किल हो जाता है। चूंकि व्यक्ति एक लोन चुकाने के लिए दूसरा लेता है, फिर तीसरा और एक दिन ऐसा आता है जब कर्ज उतारना ही मुश्किल हो जाता है और यह कर्ज का मकड़जाल व्यक्ति को आत्महत्या करने तक विवश कर देता है।

### फंसते जाएंगे कर्ज के दल-दल में

देखने में यह सब आसान लगता है, लेकिन धीरे-धीरे ये आदत कर्ज के दलदल की तरफ ले जाती है। अगर आप भी बिना सोचे-समझे ऐसी चीजें खरीद रहे हैं जो आपकी सैलरी अफोर्ड नहीं कर सकती, तो यकीन मानिए ये लाइफस्टाइल दिखने में ग्लैमरस है, लेकिन आपके फाइनेंशियल फ्यूचर के लिए बहुत खतरनाक।

### एक कर्ज चुकाने के लिए दूसरा कर्ज लेना

ये बहुत बड़ा अलर्ट है। अगर आप क्रेडिट कार्ड का बिल दूसरे कार्ड से भर रहे हैं, पर्सनल लोन की किस्त बीएनपीएल से दे रहे हैं, दोस्तों से उधार लेकर मिनिमम ड्यू भर रहे हैं तो समझ लीजिए, आप कर्ज के चक्रव्यूह में फंस चुके हैं। समय रहते यदि इस कर्ज के चक्रव्यूह से नहीं निकले तो आपको भारी परेशानियों का समना करना पड़ सकता है। इसलिए पहले से ही सावधान हो जाएं और एक कर्ज चुकाने के लिए दूसरा कर्ज न लें।

### ईएमआई में जा रहा सैलरी का 40% या उससे ज्यादा हिस्सा


अगर आपकी सैलरी 60,000 रुपये है, तो ईएमआई 24,000 रुपये से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। अगर आपकी रुपये इससे ज्यादा है, तो इसका मतलब है कि आपकी लाइफस्टाइल आपकी सैलरी से बड़ी है, और ये सीधा जोखिम है।

### आपके पास 3-6 माह के खर्च जितना इमरजेंसी फंड नहीं

असली अमीरी ब्रांड्स में नहीं, बल्कि इस बात में है कि अगर कल नौकरी चली जाए तो आप बिना उधार लिए जी सकें। अगर आपके पास 3 महीने का खर्च भी सेव नहीं है, तो आपकी 'अमीरी' सिर्फ दिखावा है। इसलिए दिखावे से पहले बचत की आदत डालें।

### सैलरी आते ही खत्म हो रही

अगर सैलरी आने से पहले ही तय हो चुका है कि वो ईएमआई, कार्ड और बिलों में चली जाएगी और आपके लिए कुछ नहीं बचेगा, तो ये साफ संकेत है कि आप पे-चेक टू पे-चेक में जी रहे हैं। इसका मतलब है कि आप पैसों को नहीं, पैसे आपको कंट्रोल कर रहे हैं। ऐसे हालात से भी आपका बचना बेहद जरूरी है।




समझदारी

बिजनेस डेस्क

# छोटे-छोटे निवेश करके भी तैयार कर सकते हैं बड़ा फंड

तीस हजार की सैलरी में भी बना सकते हैं 10 लाख का फंड

थोड़ा संयम और सावधानी से करना होगा निवेश

नियमित बचत से आप अपना भविष्य कर सकते हैं सुरक्षित

अगर आपकी आमदनी कम है और आप बचत करना चाहते हैं तो छोटा सा निवेश करके भी आसानी से 10 लाख रुपये तक का फंड जुटा सकते हैं, इससे आपको परेशानी भी नहीं होगी और आप अपनी जरूरत के हिसाब से फंड जुटा पाएंगे। इसके लिए आपको थोड़ा संयम बरताना होगा और वित्तीय योजना भी बनानी होगी। तभी आप अपने निवेश के मकसद में सफल हो पाएंगे। भविष्य में आने वाली मुश्किलों से बचने के लिए आर्थिक रूप से स्थिर होना बेहद आवश्यक है। कम सैलरी होने पर भी छोटे-छोटे निवेश करके एक बड़ा फंड बनाया जा सकता है। नियमित बचत से भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है। आज के समय में बचत बेहद जरूरी है। जीवन में कभी भी वित्तीय परेशानी आ सकती है। इस वित्तीय परेशानी से आपको बचत ही बचा सकती है, लेकिन कम सैलरी में सेविंग करना मुश्किल है। बहुत से फ्रेशर्स या युवाओं को शुरुआती सैलरी 30 हजार के आसपास मिलती है। लेकिन युवा इस सैलरी में भी आसानी से अपने लिए दस लाख रुपये तक का फंड एकत्र कर सकते हैं। इस रिपोर्ट में हमने कैलकुलेशन के दौरान मासिक सैलरी 30 हजार मानी है। 30 हजार मासिक सैलरी में खर्चों के साथ सेविंग करना मुश्किल है, लेकिन असंभव नहीं।

### 50:30:20 फॉर्मूला अपनाएं

आप सैलरी मैनेज के लिए 50:30:20 फॉर्मूला का इस्तेमाल कर सकते हैं।

- **50 फीसदी-** सैलरी का 50 फीसदी पैसा जरूरी खर्चों के लिए इस्तेमाल करें। 30 हजार सैलरी में आप 15 हजार अपने जरूरी खर्चे जैसे बिजली का बिल, राशन, किराया इत्यादि के लिए कर सकते हैं।



- **30 फीसदी-** इसके साथ ही 30 फीसदी पैसा आप सेविंग के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। 30 हजार रुपये से 9000 हजार रुपये आप सेविंग के लिए उपयोग कर सकते हैं।
- **20 फीसदी-** बाकी का बचा 20 फीसदी पैसा आप अपने शौक या मनोरंजन के लिए उपयोग कर सकते हैं।
- 30 हजार में आप 6000 रुपये आप मूवी देखना, नए कपड़े लेना इत्यादि ऐसे कामों के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।

### 9000 रुपये से कैसे बनाए 10 लाख रुपये का फंड?

जैसे की हमने ऊपर देखा कि आप 30 हजार सैलरी से आसानी से 9000 रुपये बचा सकते हैं। लेकिन आप 9000 रुपये पूरे म्यूचुअल फंड में निवेश न करें। आप इनमें से 5000 रुपये म्यूचुअल फंड और बाकी के 4000 रुपये आरडी या अन्य सुरक्षित स्कीम में निवेश करें। इससे आपका पोर्टफोलियो बैलेंस बनता है।

### म्यूचुअल फंड

- म्यूचुअल फंड में करें 5000 रुपये निवेश
- अगर आप 8 साल के लिए हर महीने 5000 रुपये निवेश करते हैं, तो 12 फीसदी रिटर्न के हिसाब से आपको 8,08,000 रुपये मिल जाएंगे। आपका केवल मूलधन ही 4,80,000 रुपये होगा।

### आरडी में करें 4000 रुपये



इसी तरह आप एसबीआई की आरडी में 6 साल के लिए हर महीने 4000 रुपये निवेश कर सकते हैं। 7.5 फीसदी रिटर्न के हिसाब से आपको मैच्योरिटी पर 3,64,580 रुपये मिल जाएंगे। इस तरह से आप 8 साल में ही 10 लाख रुपये का फंड आसानी से बना सकते हैं।

जानकारी

बिजनेस डेस्क

# क्रेडिट स्कोर को बढ़ाने के 5 आसान और असरदार तरीके

अगर आप भी अपना सिबिल स्कोर सुधारना चाहते हैं तो कुछ तरीकों को अपनाना होगा। तभी आप इसे दुरूस्त कर सकते हैं। सिबिल स्कोर आपकी वित्तीय जिम्मेदारी का आईना होता है। इसे बढ़ाने के लिए बिल समय पर चुकाएं, क्रेडिट का कम इस्तेमाल करें, बार-बार लोन न लें, अलग-अलग प्रकार के क्रेडिट रखें और रिपोर्ट नियमित चेक करें। इन आसान आदतों से आपका स्कोर मजबूत होगा और लोन आसानी से मिलेगा। क्या आप जानते हैं कि आपका सिबिल स्कोर आपके पैसे की जिम्मेदारी दिखाता है? यह सिर्फ नंबर नहीं, बल्कि आपकी वित्तीय आदतों का आईना है। एक अच्छा स्कोर होने से आप लोन या क्रेडिट कार्ड आसानी से पा सकते हैं और कम ब्याज दर का फायदा उठा सकते हैं। आइए उन आसान तरीकों के बारे में जानते हैं कि कैसे आप अपना सिबिल स्कोर बढ़ा सकते हैं और अपने वित्तीय भविष्य को मजबूत बना सकते हैं। सबसे जरूरी है कि आप अपने सभी बिल (ईएमआई , क्रेडिट कार्ड) समय पर चुकाएं। देर से पेमेंट करने से आपका स्कोर गिर सकता है। इसके लिए आप रिमाइंडर सेट कर सकते हैं या ऑटो-पे ऑप्शन का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### क्रेडिट का कम इस्तेमाल करें

अपने क्रेडिट कार्ड की पूरी लिमिट इस्तेमाल करना सही नहीं है। कोशिश करें कि आप अपनी लिमिट का केवल 30% ही इस्तेमाल करें। इससे बैंक और लोन देने वाले यह समझेंगे कि आप पैसे जिम्मेदारी से खर्च करते हैं।

### बार-बार लोन के लिए न करें आवेदन

जब आप बार-बार नया लोन या क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन करते हैं, तो यह आपके स्कोर पर असर डाल सकता है। इसलिए जरूरत पड़ने पर ही आवेदन करें और ज्यादा बार आवेदन न करें।

### अलग-अलग प्रकार के क्रेडिट रखे

एक अच्छा क्रेडिट प्रोफाइल बनाने के लिए सिक्योर्ड लोन (जैसे होम लोन, कार लोन) और अनसिक्योर्ड लोन (जैसे पर्सनल लोन, क्रेडिट कार्ड) दोनों होना चाहिए। यह दिखाता है कि आप अलग-अलग तरह के लोन को संभाल सकते हैं।

### क्रेडिट रिपोर्ट समय-समय करें चेक

अपनी क्रेडिट रिपोर्ट को हर कुछ महीनों में देखें। अगर कोई गलती या डुप्लिकेट अकाउंट हो तो तुरंत सुधार कराएं। सही जानकारी होने से आपका स्कोर सुरक्षित रहता है।

### क्या है क्रेडिट स्कोर

क्रेडिट स्कोर एक संख्या होती है जो आपकी क्रेडिट योग्यता को दर्शाती है। यह संख्या आपके पिछले क्रेडिट व्यवहार, जैसे कि लाने-देने की समय परता, क्रेडिट कार्ड का उपयोग, लाने-देने की मात्रा, और अन्य कारकों पर आधारित होती है। क्रेडिट स्कोर की रेंजभारत में क्रेडिट स्कोर की रेंज आमतौर पर 300 से 900 तक होती है। ज्यादा स्कोर अच्छा माना जाता है।

- **750 से ऊपर:** अच्छा क्रेडिट स्कोर (लाने-देने की अच्छी संभावना)
- **700-749:** औसत से अच्छा
- **600-699:** औसत
- **600 से नीचे:** खराब क्रेडिट स्कोर (लाने-देने में दिक्कत)

### क्रेडिट स्कोर को प्रभावित करने वाले कारक

1. पेमेंट हिस्ट्री (35%): समय पर बिल और ईएमआई का भुगतान।
2. क्रेडिट यूटिलाइजेशन (30%): क्रेडिट कार्ड की सीमा का कितना उपयोग किया।
3. क्रेडिट हिस्ट्री की लंबाई (15%): क्रेडिट खाते कितने पुराने हैं।
4. क्रेडिट मिक्स (10%): विभिन्न प्रकार के क्रेडिट (कार लाने, होम लाने, क्रेडिट कार्ड)।
5. नए क्रेडिट एप्लिकेशन (10%): बार-बार लाने के लिए आवेदन करना।

### क्रेडिट स्कोर क्यों महत्वपूर्ण है?

- **लाने-देने की मंजूरी:** अच्छा स्कोर होने पर लाने आसानी से मिलते हैं।
- **कम ब्याज दर:** अच्छा स्कोर होने पर ब्याज दर कम मिलती है।
- **क्रेडिट कार्ड ऑफर:** अच्छे स्कोर पर बेहतर क्रेडिट कार्ड मिलते हैं।

### रखें ध्यान

- क्रेडिट कार्ड की सीमा का 30% से कम उपयोग करें।
- अनावश्यक क्रेडिट कार्ड बंद करें।
- बार-बार लाने के लिए आवेदन न करें।
- क्रेडिट रिपोर्ट में गलतियां होने पर सुधार करें।

15.69 लाख की पुरस्कार राशि से सम्मानित

# धोलेड़ा के कुशल यादव को नेशनल स्तरीय गोल्फ में मिला चौथा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

कौन कहता है आसमान में छेद नहीं होता, एक पत्थर तबियत से तो उछालो यारो हौंसला कभी पराजित नहीं होता। यह कहावत धोलेड़ा निवासी कुशल यादव पुत्र डॉ जयसिंह यादव पर स्टीक साबित होती है। जिन्होंने संसाधनों के आभाव को सफलता के रास्ते में रूकावट नहीं बनने दिया। ब्लॉक स्तरीय खेलों से प्रेरित होकर उन्होंने नेशनल व इंटरनेशल खेलों का सपना देखा था, पहले ही प्रयास में नेशनल (पीजीटीआइ) गोल्फ में चौथा स्थान अर्जित करके गांव व जिले का नाम रोशन किया है। प्रतिभाशाली युवा को ग्रामीणों ने बधाई दी है तथा जल्द ही अभिनंदन करने का निर्णय लिया है।

आपको बता दें कि डॉ जयसिंह यादव सीड्स कंपनी में सीईओ पोस्ट से सेवानिवृत हुए हैं। उन्होंने इकलौते पुत्र की पढ़ाई गुरुग्राम की विभिन्न स्कूलों से ही पूरी कराई, इसके बाद उन्होंने कॉलेज से स्नात्तक की पढ़ाई कराई है। उन्होंने पुत्र को प्रशासनिक अधिकारी बनाने का सपना देखा था, किंतु कुशल यादव की दिलचस्पी व्यापार में रही है, इसलिए उन्होंने कॉलेज की पढ़ाई पूरी होते ही गुरुग्राम में इंस्ट्रीज खोल ली जिसमें सैकड़ों युवाओं को रोजगार मिला हुआ है। इससे पहले धोलेड़ा स्टेडियम में होने वाली ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं से प्रभावित होकर नेशनल खेलों का सपना देखा तथा भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रहे कपिल देव की गोल्फ एकेडमी में अभ्यास करना आरंभ कर दिया। सालभर में ही आत्मविश्वास मजबूत हो गया। बीते साल केरल में संपन्न हुए प्रोफेशनल खेलों में शामिल हुए और सम्मानजनक स्कोर अर्जित किया। नवंबर महीने में जयपुर में नेशनल स्तरीय (प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया) पीजीआइ प्रतियोगिता निर्धारित हुई थी। जिसमें देश-विदेश के 480 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया था। लीग स्पर्धाओं को क्वालिफाई करने पर कुशल यादव को फाइनल मुकाबले में शामिल किया गया। कुशल यादव ने बंगलादेश के खिलाड़ी के साथ खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया तथा चौथा स्थान हांसिल करके गांव, जिला तथा प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।




- ब्लॉक लेवल की प्रतियोगिताओं ने प्रेरित होकर खेलों में बढ़ाया रूझान, प्रोफेशनल स्पर्धाओं में प्रतिभा को निखारकर अंतराष्ट्रीय स्तर पर बनाई पहचान, ग्रामीण युवाओं की मिली प्रेरणा

नांगल चौधरी। सफलता के अनुभव सांझा करता हुआ गोल्फ खिलाड़ी कुशल यादव।

### युवाओं को पढ़ाई के साथ खेलों में कैरियर बनाने का मिलेगा संदेश

प्रतिभाशाली युवा के चाचा डॉ नरेश यादव, जसवंत सिंह, जगजीत सिंह, भूपसिंह, डॉ विनोद व तसवीर यादव ने बताया कि गांव के युवाओं का खेलों से विशेष लगाव है। कुशल यादव की उपलब्धि से युवाओं को पढ़ाई, व्यापार के साथ खेल प्रतिभा निखारने की प्रेरणा मिलेगी। गांव पहुंचने पर कुशल का अभिनंदन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खेल स्टेडियम में अभ्यास करके 150 से अधिक युवा पुलिस, आर्मी तथा खेलों में कैरियर बना चुके हैं।

### 15.69 लाख से ज्यादा निर्धारित हुई पुरस्कार की रकम

धोलेड़ा स्पोर्ट्स क्लब के प्रधान भीमसिंह यादव ने बताया कि कुशल यादव ने बालीबाल से खेलना आरंभ किया था। इसके बाद उनका लगाव गोल्फ से हो गया तथा निरंतरता पूर्वक प्रतिभा को निखारा है। शुक्रवार को जयपुर में संपन्न हुई पीजीआइ गोल्फ ने चौथा स्थान अर्जित करके युवाओं को खेलों के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने बताया कि स्कोर की रैटिंग के अनुसार कुशल यादव को 15.69 लाख से अधिक राशि बतौर पुरस्कार मिली है।

## खबर संक्षेप



नारनौल। विजेता छात्राएं।

### सीएल स्कूल की छात्रा माही व भाव्या प्रथम

**नारनौल।** जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से जोनल स्तर पर बाल भवन की विभिन्न प्रतियोगिताएं गुरूग्राम में आयोजित की गई। जिसमें सीएल स्कूल के होनहार छात्रों माही यादव पुत्री अक्षय कुमार और भाव्या पुत्र हीरालाल ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के ग्रुप-2 मे प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल प्राचार्य रविन्द्र सिंह ने उसके स्कूल आगमन पर जोरदार स्वागत किया और राज्य स्तर पर होने वाले ईवेंट के लिए अग्रीम शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### मारपीट के आरोप में महिला सहित 4 पर केस

**कनीना।** कनीना विकास खंड के एक गांव में महिला की लज्जा भंग करने तथा मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने एक महिला सहित चार व्यक्तियों के विरुद्ध बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि दोपहर करीब साढ़े 12 बजे जब वह अपने पशुओं के पास थी, तब बर्तन साफ करने वाले दो युवकों से कूडा डालने आया। महिला ने घर के समीप कूड़ा न डालने की बात कही तो नामजद ने चांटा मार दिया।

महावीर चौक व महता चौक पर लगे जाम में फंसे वाहन

# किन्नरों का हंगामा, दूसरे पक्ष पर लगाए गंभीर आरोप

हंगामा करने वाले करीब 50 किन्नर थे। उन्होंने दूसरे गुट के प्रधान के खिलाफ महावीर चौक के आसपास के अलावा वहां से जाने वाले वाहनों पर पोस्टर भी लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर में किन्नरों के एक गुट ने दूसरे गुट के प्रधान के खिलाफ शनिवार शाम को महावीर चौक व महता चौक पर हंगामा किया। हंगामा करने वाले करीब 50 किन्नर थे। उन्होंने दूसरे गुट के प्रधान के खिलाफ महावीर चौक के आसपास के अलावा वहां से जाने वाले वाहनों पर पोस्टर भी लगाए। जानकारी के मुताबिक महामंडलेश्वर महंत बुलबुल गिरी हरियाणा की महामंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा फारुखनगर, भिवानी व नारनौल-महेंद्रगढ़ से जुड़े किन्नर शनिवार शाम को करीब छह बजे शहर के महावीर चौक पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने अचानक से हंगामा शुरू कर दिया।

किन्नरों ने दूसरे गुट मंगलमुखी समाज के प्रधान के खिलाफ नारेबाजी की तथा उसके पोस्टर लगाए। बाक्स करीब 15 गाड़ियों में बैठकर आए थे किन्नर किन्नर करीब 15 गाड़ियों में बैठकर आए थे। हंगामा करने वाले इन किन्नरों का कहना था कि नारनौल में जो किन्नरों का अपने आप को प्रधान बताता है, वह व्यक्ति किन्नर नहीं, बल्कि एक आम इंसान है।


हंगामा करते समय उन्होंने कहा कि वह बंदूक के बल पर किन्नरों को डराता है। बाक्स एक पक्ष पर लगाए गंभीर आरोप किन्नरों ने दूसरे पक्ष से जुड़े प्रधान की बंदूक लहराते हुए फोटो वाला पोस्टर भी लगाया। जिसमें लिखा है कि महेंद्रगढ़ व नारनौल क्षेत्र में खासकर टीना किन्नर, महक किन्नर व इनका जिनका भी साथ हैं।

वे अपराधी प्रवृत्ति के हैं। यह ग्रुप मथुरा, नैनीताल से लूटपाट करके भागे हुए हैं, उनको बधाई न दें। क्योंकि आपकी नेक कमाई व बधाई से एकत्र पैसा वे किन्नर समाज तक न पहुंचाकर उस व्यक्ति को दे देते हैं। इस पैसे का वे अय्याशी में इस्तेमाल करते हैं। बाक्स महता चौक पर भी गए किन्नर इसके बाद किन्नर महत्ता चौक पर भी गए।

वहां पर भी उन्होंने करीब आधे घंटे तक प्रदर्शन किया। दोनों जगह प्रदर्शन के कारण लंबा जाम भी लगा गया। जिसके चलते लोगों को काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ा।









महेंद्रगढ़। रुद्राभिषेक करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### सूरज स्कूल में रूट्स वाइंस वार्षिक उत्सव आयोजित

**महेंद्रगढ़।** सूरज स्कूल में शनिवार को अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ वार्षिक उत्सव रूट्स वाइंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास से उपस्थित सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि निदेशिका गायत्री यादव और प्राचार्या ऋतु चहल ने मिलकर दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रुद्राभिषेक के प्रस्तुतीकरण ने पूरे समारोह के वातावरण को पवित्रता और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। निदेशिका गायत्री यादव ने कहा कि रूटस वाइंस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक संदेश है। बच्चों को मजबूत संस्कारों की जड़ें और सपनों की ऊंची उड़ान देने का। सूरज स्कूल का उद्देश्य हर बच्चे को ऐसी शिक्षा देना है, जो उसे जीवन में आत्मनिर्भर और मूल्यवान बनाए। उन्होंने स्कूल की टीम को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए भी बधाई दी। प्राचार्या ऋतु चहल ने मंच से नन्हे बच्चों की सीखने की क्षमता, अनुशासन और उनकी असीम संभावनाओं की प्रशंसा की।




महेंद्रगढ़। बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पार्पित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### राव जयराम स्कूल में अंबेडकर की पुण्य तिथि मनाई

**महेंद्रगढ़।** राव जयराम स्कूल में सविंधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि संस्था निदेशक सुरेन्द्र यादव व अध्यक्षता प्राचार्य नरेन्द्र कुमार ने की। कार्यक्रम के शुरुआत में मुख्यातिथि एवं अन्य अतिथियों ने बाबा साहेब के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। निदेशक सुरेन्द्र यादव ने कहा कि डॉ. अंबेडकर न केवल भारतीय समाज के लिए एक आदर्श थे, बल्कि उन्होंने पूरी दुनिया को यह समझाया कि एक समान और न्यायपूर्ण समाज की नींव पर ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने अपनी पूरी जिंदगी सामाजिक समानता और अधिकारों के लिए समर्पित कर दी। प्राचार्य नरेंद्र कुमार ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन केवल संघर्ष नहीं, बल्कि समाज सुधार और मानवाधिकारों के लिए उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान विधार्थियों ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अनेक भाषण, कविता एवं उनके जीवन की प्रेरक कहानियां आदि प्रस्तुत की। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देती छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

### रामचंद्र पब्लिक स्कूल में हिंदी विकास कार्यक्रम आयोजित

**महेंद्रगढ़।** रामचंद्र पब्लिक स्कूल में हिंदी विकास कार्यक्रम मनाया गया। छात्रों ने श्लोक पाठ, कविता पाठ, भजन, नृत्य और नाटक के माध्यम से अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। कविता पाठ प्रतियोगिता में कक्षा पांचवी की आयशा प्रथम तथा महक द्वितीय स्थान पर रहीं। श्लोक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पायल (7वीं कक्षा) और द्वितीय स्थान शुभम ने प्राप्त किया। नाटक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अदिति और नव्या (3वींकक्षा) तथा द्वितीय स्थान दीपिका और तनिशा ने हासिल किया। डांस प्रतियोगिता में इशिका ने प्रथम स्थान तथा नव्या (8वीं कक्षा) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की एक्टिविटी इंचार्ज अनीता ने बच्चों को हिंदी अपनाने की प्रेरणा दी। कोऑर्डिनेटर ऋतु यादव ने बच्चों के सांस्कृतिक प्रदर्शन की सराहना की। शैक्षणिक इंचार्ज शिवचरण शर्मा ने विद्यार्थियों को हिंदी विकास के आदर्शों को अपने व्यक्तित्व में शामिल करने का संदेश दिया। चेयरमैन रोशनलाल यादव ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

# इंग्लिश राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

रोटरी क्लब नारनौल रॉयल्स की ओर से शनिवार को आदर्श हाई स्कूल में इंग्लिश राइटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से कक्षा 10वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया, जिन्में कक्षा तीसरी से पांचवीं, कक्षा छठीं से आठवीं तथा कक्षा नौंवी से 10वीं शामिल की गई।

क्लब के प्रधान दिनेश भार्गव ने बताया कि रोटरी क्लब नारनौल रॉयल्स समाज सेवा के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसी क्रम में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को तीनों श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया। क्लब सचिव सत्यनारायण सैनी ने बताया कि रोटरी क्लब समय-समय पर विभिन्न विद्यालयों में इस प्रकार की शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का आयोजन कर शिक्षा सुधार में सहयोग देता रहेगा। प्रतियोगिता में विद्यालय की अध्यापिकाओं ललिता शर्मा एवं आकांक्षा भूषण ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत में रोटरी क्लब के असिस्टेंट गवर्नर पारस चौधरी के पिता के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर क्लब के कोषाध्यक्ष मोहन सैनी, अमित कुमार, महेश सैनी, पवन कटारिया, सोनू सैनी, विद्यालय प्राचार्य दिनेश शर्मा आदि मौजूद रहा।



नारनौल। विजेताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### यह बने विजेता

*प्रथम श्रेणी (कक्षा तीसरी से पांचवीं) में हेमंत प्रथम, भावेश द्वितीय व निधि तृतीय रही। द्वितीय श्रेणी (कक्षा छठीं से आठवीं) में मुसकान ने पहला, चिक्की ने दूसरा व प्रतिज्ञा ने तीसरा स्थान पाया। तृतीय श्रेणी (कक्षा नौवीं से 10वीं) में मुस्कान प्रथम, फलक द्वितीय व मानसी तृतीय रही। इन सभी विजेताओं को समाजसेवी पवन यादव ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।*

# आरती राव की कथनी एवं करनी में अंतर नहीं : दिनेश जेलदार

हरिभूमि न्यूज. नारनौल



प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने अटेली विधानसभा क्षेत्र के लिए नई सड़कों की सौगात देकर यह साबित कर दिया है कि उनकी कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है। इन सड़कों के निर्माण पर लगभग 7.42 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इनका निर्माण अगले छह महीने में पूरा हो जाएगा। इस मौके पर अटेली मार्केट कमेटी के चेयरमैन दिनेश जेलदार ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव द्वारा इन सड़कों के नवनिर्माण की मंजूरी से दर्जनों गांवों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी। आरती सिंह राव के स्वास्थ्य मंत्री बनते ही 1100 डॉक्टरों की भर्ती की गई थी तथा अब 450 डॉक्टरों की भर्ती निकालकर अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी को पूरा किया जा रहा है। इससे साफ है कि उनकी कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है। हरियाणा प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं में तथा अटेली विधानसभा क्षेत्र एवं महेंद्रगढ़ के सभी क्षेत्रों में विकास कार्यों को तीव्र गति मिलेगी।

कई दिनों तक चलेगा अभियान, बच्चे नशा ना करने का करेंगे लोगों से आह्वान

# नो नशा नेशन विषय पर आज रैली, सुभाष पार्क में 101 कुंडीय हवन, सूर्य नमस्कार व मार्शल आर्ट के बाद युवा शपथ लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

डीएवी कॉलेज प्रबंकर्तृ समिति के अध्यक्ष एवं पद्मश्री पुरस्कार विजेता डा. पूनम सूरी के मार्गदर्शन में एमएलएसडीएवी पब्लिक स्कूल नो नशा नेशन विषय के तहत जागरूकता अभियान की शुरूआत रविवार से होगी। पहले दिन डीईओ कार्यालय से जागरूकता रैली निकाली जाएगी। यह रैली सुभाष पार्क पहुंचेगी। यहां 101 कुंडीय हवन, सूर्य नमस्कार व मार्शल आर्ट की प्रस्तुति अलग–अलग बच्चें देंगे।

इस विषय में एमएलएसडीएवी स्कूल के प्राचार्य राजेश कुमार ने मीडिया से बातचीत करते हुए शनिवार बताया कि इस अभियान में विद्यार्थियों, अध्यापकों, गणमान्य नागरिकों की भागीदारी रहेंगी। कार्यक्रम में पहले दिन रविवार को बतौर मुख्य अतिथि विधायक ओमप्रकाश यादव होंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी, आर्यसमाज प्रतिनिधि मंडल , भारत विकास परिषद प्रतिनिधि मंडल व अन्य गणमान्य लोग शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि देश के युवाओं को नशे मुक्ति हेतु जागरूक करने के लिए इस मुहिम की शुरूआत सात सितम्बर को हरियाणा राज्य से की जाएगी। इसमें प्रदेश के लगभग 250 डीएवी स्कूल एवं कॉलेज अलग–अलग स्थानों पर लोगों को जागरूक करने का कार्य करेंगे।



कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा अध्यापकों के साथ शहर में नशा मुक्ति हेतु एक जागरूकता रैली निकाली जाएगी। सुभाष पार्क में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न गतिविधियां की जाएगी। जिसमें 101 कुंडीय हवन, सूर्य नमस्कार तथा मार्शल आर्ट की प्रस्तुति दी जाएगी। सभागार में उपस्थित सभी जनों को नशा मुक्त भारत का संकल्प दिलाते हुए शपथ ग्रहण भी करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि मुख्य अतिथि द्वारा नशा मुक्ति के संदेश पर प्रकाश डाला जाएगा और युवाओं को समाज के हित में आगे आने के लिए प्रेरित किया जाएगा। विद्यालय प्राचार्य के द्वारा भी युवाओं को नशा मुक्ति का संदेश दिया जाएगा और उन्हें नशा मुक्त देश बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया जाएगा। यह कार्यक्रम नशे के दुष्प्रभावों के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने तथा युवाओं को स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

# शेखपुरा के वन विभाग के कर्मचारियों को बनाया बंधक, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शेखपुरा गांव में जांच करने गए वन विभाग के कर्मचारियों को बंधक बनाए जाने का मामला सामने आया है। इस बारे में वन राजिक अधिकारी ने पुलिस में शिकायत दी है, जिस पर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

**कर्मचारियों के साथ मारपीट करने का आरोप**

महावीर चौकी पुलिस को दी गई शिकायत में वन राजिक अधिकारी रविंद्र ने बताया कि गांव शेखपुरा निवासी रूपचंद के विरुद्ध उसके घर के पास खाली पड़े प्लॉट में अवैध रूप से शीशम, रोहिडा सहित अन्य प्रजातियों की लकड़ी का संग्रहण किए जाने की जांच चल रही थी। विभाग द्वारा रूपचंद को जांच पूरी होने तक लकड़ी में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न करने के निर्देश दिए गए थे। बीते कल शाम को उन्हें सूचना मिली कि रूपचंद द्वारा अवैध रूप से जमा की गई लकड़ी को ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर खुर्द-बुर्द किया जा रहा है। सूचना मिलते ही वन रक्षक प्रवीण कुमार और चौकीदार रामौतार मौके पर पहुंचे। शिकायत के मुताबिक वहां पहुंचने पर रूपचंद, उसके भाई व बेटा तथा परिवार की महिलाओं ने मिलकर दोनों सरकारी कर्मचारियों पर हमला कर दिया। आरोप है कि कर्मचारियों के साथ मारपीट की तथा उनका मोबाइल फोन और गाड़ी की चाबी छीनकर उन्हें कुछ देर तक बंधक बनाए रखा। बाद में मोबाइल और चाबी लौटाते समय आरोपितों ने जबरन कर्मचारियों पर रिश्वत मांगने का झूठा आरोप लगाते हुए एक वीडियो भी बनाया। वन राजिक अधिकारी ने इसे सरकारी कार्य में बाधा व सरकारी कर्मियों पर हमला बताते हुए पुलिस से आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है।

## खबर संक्षेप



### संविधान निर्माता को अर्पित की श्रृद्धांजलि

डहीना। शनिवार को गांव निमोठ में आवाज फाउंडेशन की ओर से संविधान निर्माता और समाज सुधारक डा. भीमराव अंबेडकर को उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। फाउंडेशन के प्रदेश महासचिव सूबेदार मेजर सत्य नारायण सांभरिया ने बाबा साहेब के विचारों और संविधान के प्रति निष्ठा को दोहराते हुए सामाजिक न्याय और समानता के उनके आदर्शों को याद किया। इस अवसर पर हवलदार अमर सिंह, हवलदार रोशन लाल, सुरेन्द्र कुमार, उमेश कुमार, हवलदार अनिल कुमार, मंजीत कुमार, रामू, प्रवीण कुमार, राम सिंह, अमित, उमेश, ममता, अंजू, कोलिना, चिराग, एकलव्य, नुपुर व लवीश उपस्थित थे।

### बावल विधायक का धन्यवादी दौरा आज

रेवाड़ी। बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार 7 दिसंबर को गांव जलियावास का धन्यवादी दौरा करेंगे और ग्रामीणों की जनसमस्याएं भी सुनेंगे। युवा समाजसेवी यतेंद्र रावत ने बताया कि इसके अलावा विधायक वर्ल्ड प्रो पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए संजय पहलवान को भी सम्मानित करेंगे।

# ट्रामा सेंटर में तीन माह से सीटी स्कैन मशीन खराब

## मरीजों को अल्ट्रासाउंड के लिए मिल रही लंबी तारीख

### एसयूसीआई ने ट्रामा सेंटर व सिविल हॉस्पिटल की ज्वलंत समस्याओं को लेकर स्वास्थ्य मंत्री के नाम सिविल सर्जन को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी







स्वास्थ्य सेवाओं की मांग को लेकर प्रदर्शन करते तथा सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपते हुए एसयूसीआई कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

ट्रामा सेंटर में करीब तीन महीने से सीटी स्कैन की मशीन खराब पड़ी है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से कंपनी का भुगतान नहीं किए जाने के कारण मशीन ठीक नहीं हो पा रही है। ट्रामा सेंटर व नागरिक अस्पताल को जोड़ने वाले एफओबी में लिफ्ट का कार्य पूरा होने के बाद भी लोगों को सुविधा नहीं मिल पा रही है। एसयूसीआई कम्युनिस्ट की ओर से शनिवार को ट्रामा सेंटर व सिविल हॉस्पिटल से संबंधित ज्वलंत समस्याओं को लेकर प्रदर्शन करके स्वास्थ्य मंत्री के नाम सविल सर्जन डा. नरेन्द्र दहिया को ज्ञापन सौंपा गया। एसयूसीआई के राज्य सचिव कॉमरेड राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने कहा कि ट्रामा सेंटर को लेवल-2 की केटेगरी में लाया जाए, जोकि वर्तमान में लेवल 3 पर है तथा गंभीर मरीजों के लिए रेफरल सेंटर का काम कर रहा है। उन्होंने रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर को डेप्युटेशन से वापस बुलाने की मांग की। कॉमरेड ने कहा कि जिले में केवल दो ही पोस्ट रेडियोलॉजिस्ट की है, जिसमें से एक को कोरियावास मेडिकल कॉलेज डेपुटेशन पर भेज दिया, जबकि कोरियावास में अभी न तो सीटी स्कैन है और न ही अल्ट्रासाउंड की मशीन है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के लिए नई भर्ती की जाए। उन्होंने ट्रामा सेंटर में 3 महीने से बंद पड़ी सीटी स्कैन मशीन को भी चालू करने की मांग की। एसयूसीआई कार्यकर्ताओं ने कहा कि अल्ट्रासाउंड की और मशीन लगाई जाए, क्योंकि फिलहाल अल्ट्रासाउंड के लिए मरीजों को 6 माह तक की तारीख दी जा रही है। यह मरीजों के साथ खिलवाड़ के अलावा और कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान स्कीम के अंतर्गत आने वाले मरीजों को दवाई व टेस्ट के लिए मजबूरन बाहर का अतिरिक्त खर्च भुगतना पड़ रहा है। आयुष्मान स्कीम के तहत फ्री इलाज केवल कागजों में ही सिमट कर रह गया है। एसयूसीआई कार्यकर्ताओं ने ट्रामा सेंटर व सिविल हॉस्पिटल के बीच फुट ओवरब्रिज पर लगाई गई लिफ्ट को भी चालू कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि नागरिकों को फ्री इलाज व टेस्ट उपलब्ध कराए जाए।

■ फिलहाल अल्ट्रासाउंड के लिए मरीजों को 6 माह तक की तारीख दी जा रही

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर जिला सचिव शेर सिंह मीरपुर, एम्स संघर्ष समिति मनेठी के प्रधान बाबू कैलाश चंद, मनोज यादव रिटायर्ड ईओ, सुरेंद्र सिंह रोहिल्ला, अजय सिंह, रामकुमार किसान नेता, पवन कुमार, निरंजन सिंह, अमर सिंह, सोमेंद्र, सतीश बॉबी, अनिल सरपंच प्रतिनिधि, सत्यवीर, सुरेंद्र सिंह, गजराज सिंह, मोहिंद्र सिंह, मोहन, करतार सिंह, मूलचंद आर्य, शीशपाल, सुधीर कुमार, अशोक, संतोष, पूनम, मंजू, कमलेश व राजबाला सहित अनेक नागरिक उपस्थित थे।

#### स्वास्थ्य मंत्री जनता से बातचीत करें और समाधान का रास्ता निकालें

इस मौके पर कॉमरेड राजेन्द्र सिंह ने कहा कि पिछले 6 माह से हॉस्पिटल की मांग को लेकर आंदोलन चल रहा है, जिसकों लेकर स्वास्थ्य मंत्री जनता से बातचीत करे और समाधान का रास्ता निकाले। कॉमरेड ने कहा सिविल हॉस्पिटल को शिफ्ट करने के लिए सरकार ने जो फैसला लिया था, वे कारण आज भी मौजूद है।



रेवाड़ी। डा. बी आर अंबेडकर को नमन करते संस्था सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# सेवा स्तम्भ ने बाबा साहेब का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सेवा स्तम्भ जिला इकाई एवं धम्म भूमि की ओर से अंबेडकर चौक पर बाबा साहेब का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डा. बी आर अंबेडकर पार्क एवं लाइब्रेरी मॉडल टाउन में विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। संस्था के सदस्यों ने डा. अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। सेवा स्तम्भ के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष प्रधान भगतसिंह बौद्ध ने बताया बाबा साहेब अंबेडकर ने 6 दिसंबर 1956 को अंतिम सांस ली थी, आज का दिन महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। डा. अंबेडकर ने सामाजिक छुआछूत और जातिवाद के खात्मे के लिए अनेक आंदोलन किए। इस मौके पर सतबीर गोठवाल, सेवा स्तंभ के पूर्व लीगल एडवाइजर डा. कमल निम्बल, एडवोकेट राजकुमार जलवा, अजीत सिंह, धर्मवीर बल्डोदिया पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी, नरेंद्र मेहरा सहसचिव, कांशी राम खींची, सत प्रकाश नैचाना, मानसिंह, एडवोकेट संजीव कुमार, एडवोकेट दीपक कुमार, बाबूलाल यादव, डा. सतपाल चोपड़ा व डा. आर के शर्मा उपस्थित थे।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद संस्था के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### संविधान निर्माता के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

रेवाड़ी। महान शिक्षाविद् व संविधान निर्माता भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर के 69वें परिनिर्माण दिवस पर शनिवार को माता रमाबाई सामाजिक उत्थान संस्था आजाद नगर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। संस्था के प्रधान इंजीनियर बुधराम पंवार व वयोवृद्ध एडवोकेट सूरत सिंह जड़ोदिया कार्यक्रम के मुख्यातिथि थे। प्रेस सचिव बहादुर सिंह ने मंच संचालन किया। सभी वक्ताओं ने बाबा साहेब को शाब्दिक श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर नारायण सिंह तंवर, महिपाल सिंह, ईश्वर सिंह, अभय सिंह डहिनवाल, सतबीर सिंह चौहान, रमेश चंद, जगदीश दाहिनवाल, महेश दत्त, आरपी मेहरा, रामानंद, प्रताप सिंह, शिवदान सिंह, कृष्ण कुमार जाटव, रघुवीर जलवा, डा. रघुनाथ, डा. अशोक कुमार, प्रेम कुमारी, विजयपाल, अशोक चौधरी, रोहतास सिंगल, दिनेश कुमार बौद्ध, रामनिवास, पप्पू कुमार कटारिया, डा. एमएल रंगा, आचार्य कांशीराम खिंची व प्रेम राज उपस्थित थे।

### अंबेडकर को पुण्यतिथि पर किया याद

रेवाड़ी। दी हरियाणा अनुसूचित जाति पिछड़ा वर्ग अल्पसख्ंयक परिषद की ओर से डा. भीमराव अंबेडकर पुण्यतिथि पर अंबेडकर चौक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रृद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष खुशीराम शर्मा ने की। इस मौके पर शर्मा ने कहा कि डा. अबेडकर भारतीय संविधान के मुख्य निर्माता थे। उन्होंने समानता के लिए वकालत और जाति आधारित भेदभाव को मिटाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया। इस अवसर पर शहरी प्रधान रणजीत सिंह बाघोरिया, लीलाराम सोनी, बिजेन्द्र सैनी, सुरेन्द् र खींची, डा. विपिन शर्मा, मनमोहन शर्मा, ललित अग्रवाल व रॉकी सैनी मौजूद थे।

# विद्यार्थियों ने खेल महोत्सव प्रतियोगिताओं में दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। खेल महोत्सव की नींबू-चम्मच दौड़ में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

सैनी पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र सैनी पूर्व कॉलेजियम सदस्य ने मशाल जलाकर किया। उन्होंने सैनी सभा को 51 हजार रुपये की सहयोग राशि भी भेंट की। विशिष्ट अतिथि के रूप में हुकम सैनी प्रधान गौरी शंकर धर्मशाला मोहल्ला छिपटवाड़ा मौजूद थे। उन्होंने 5100 रुपये की राशि सहयोग स्वरूप दी। खेल महोत्सव में नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए बैक रेस, 50 मीटर रेस, थ्री लैग रेस, टॉवल रेस, बैलून बैलेंस रेस, नींबू-चम्मच रेस व फ्रॉग रेस सहित कई रोचक प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कार्यक्रम में सैनी सभा के प्रधान मनोज सैनी, महासचिव एडवोकेट धर्मेन्द्र सैनी, सैनी पब्लिक स्कूल के चेयरमैन कैलाश सैनी, उपप्रधान राम सिंह सैनी, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण सैनी, सैनी महासभा हरियाणा प्रदेश उपाध्यक्ष चेतराम सैनी, समन्वयक समिति के चेयरमैन शशिभूषण सैनी आदि मौजूद रहे।

# रात दस बजे के बाद डीजे व लाउडस्पीकर बजाने पर पाबंदी, उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शादियों व अन्य खुशी के अवसर पर डीजे या लाउडस्पीकर की ऊंची आवाज लोगों की परेशानी का कारण बनती है। जिले में कुछ सामुदायिक केंद्र व मैरिज पैलेस आवासीय कॉलोनियों में स्थित है, जहां अक्सर शादी व किसी अन्य समारोह के दौरान आतिशबाजी, ऊंची ध्वनि में डीजे व लाउडस्पीकर के कारण आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पडता है। एक तरफ जहां विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, वहीं बीमार व हर आयु वर्ग के लोगों को किसी न किसी तरह से परेशानी होती है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि प्रायः देखने में आया है कि अक्सर लोग एक दूसरे की देखादेखी वाहनों पर बड़े-बड़े स्पीकर-डीजे बजाकर ध्वनि प्रदूषण करते है, भविष्य में अगर कोई भी ऐसा करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। एसपी मीणा ने सभी थाना प्रबंधकों व चौकी प्रभारियों को नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि अनुमति लेकर भी डीजे या लाउडस्पीकर नियम अनुसार निर्धारित की गई आवाज तक ही बजाया जा सकता है। एसपी ने कहा कि सभी डीजे संचालक अपने डीजे वाहन पर एक पट्टिका-प्लेट लगाएंगे, जिस पर पुलिस की ओर से जारी की गई हिदायतें लिखी होंगी। एसपी ने कहा कि निर्धारित नियमों कि पालना न करने पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत सजा हो सकती है। उन्होंने कहा कि आमजन शादी समारोह व अन्य खुशी के माहौल मे ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे किसी अन्य व्यक्ति को परेशानी उठानी पडे। ध्वनि प्रदूषण से टेंशन, रक्तचाप का बढ़ना व सुनने की क्षमता कमजोर होने सहित कई दुष्परिणाम है।

#### पुलिस सख्त कदम उठाएगी



एसपी ने कहा कि रात 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर व डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से पाबंदी रहेगी। यदि रात 10 बजे के बाद कोई डीजे या लाउडस्पीकर बजाता है तो कोई भी आमजन पुलिस को सूचना दे सकता है, जिस पर पुलिस की ओर से तत्परता से कार्यवाही की जाएगी। एसपी ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति रात 10 बजे से पहले तथा सुबह 6 बजे के बाद डीजे अथवा लाउडस्पीकर चलाना चाहता है तो इसके लिए उसे प्रशासनिक अनुमति लेना आवश्यक है।

# नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, ससुराल पर लगाया हत्या का आरोप

**विवाहिता के पति व ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का मामला दर्ज करवाया**


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली स्टेशन क्षेत्र में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की मां ने विवाहिता के पति व ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया है। झज्जर जिले के गोरिया गांव निवासी मृतक आकांक्षा की मां प्रमिला ने कोसली पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अपनी छोटी लड़की आकांशा की शादी 12 दिन पूर्व 24 नवंबर को मूलरूप से झज्जर जिले के मिलकपुर गांव निवासी तथा हाल में विश्वकर्मा कॉलोनी में रह रहे गौरव से की थी। शादी में अपनी हैशियत अनुसार दान दहेज भी दिया था, शादी के तुरंत बाद लड़का पक्ष की ओर से दहेज की मांग की जा रही थी। पति गौरव, उसका भाई सौरभ व सौरभ की पत्नी प्रिया व गौरव के माता पिता आनन्द व इंदरावती आकांक्षा के साथ मारपीट करने लगे थे।

#### आकांक्षा मारपीट की वजह से डरी हुई थी

उस समय आकांक्षा मारपीट की वजह से डरी हुई थी। रात करीब 9 बजे गौरव ने फोन पर बताया कि आकांशा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना के बाद मृतका के परिजन कोसली पहुंचे। परिजन संजय व इन्द्रपाल ने कोसली थाने में सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस विश्वकर्मा कॉलोनी स्थित उनके घर पहुंची, लेकिन आकांक्षा को ससुराल पक्ष के लोग उपचार के लिए ले जा चुके थे। इसी दौरान ससुराल पक्ष आकांक्षा को लेकर घर पर लौट आए, जिसके बाद पुलिस आकांक्षा को लेकर कोसली अस्पताल पहुंची, जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया, जिसके बाद उसके शव को मोर्चरी में रखवाया गया।

### भारत पेट्रोलियम ऑयल डिपो के चालकों को दी सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी




रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद संस्था सदस्य व ट्रैफिक पुलिस कर्मी। फोटो : हरिभूमि

रेवाड़ी। शनिवार को करनावास स्थित भारत पेट्रोलियम ऑयल डिपो में टैंकर चालकों के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मॉर्निंग ग्लोरी पब्लिक सोसायटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग, दुर्घटना-निरोध, नियम पालन तथा आपातकालीन स्थितियों में सही प्रतिक्रिया के बारे में जागरूक करना था। सुरक्षा विशेषज्ञ प्रदीप ने चालकों को सड़क सुरक्षा से जुड़े व्यवहारिक उपायों, वाहन जांच प्रक्रिया और दुर्घटना रोकथाम तकनीकों पर जानकारी दी। इस मौके पर ट्रैफिक इंचार्ज लीलाराम अपनी हाईवे टीम के साथ उपस्थित थे। उन्होंने ट्रैफिक नियमों के महत्व, हेलमेट व सीट बेल्ट उपयोग, ओवरस्पीडिंग व नशे में ड्राइविंग के खतरों को लेकर मार्गदर्शन किया। संस्था से सलोनी सिंगला ने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए कहा कि नियमित प्रशिक्षण और जागरूकता से ही सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाया जा सकता है। कार्यक्रम श्यामसुंदर और अवतार सिंह ने भी सहयोग दिया। संस्था के सदस्यों ने तेल डिपो के ऑफिसर राजेन्द्र बैंस व आकाश यादव सहित समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन से सभी को प्रेरणा लेने की आवश्यकता: गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। डा. भीमराव अंबेडकर को श्रृद्धांजलि अर्पित करते हुए।

मोहल्ला कुतुबपुर की जाटव धर्मशाला में शनिवार को भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी गई तथा वक्ताओं ने डा. अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सीएम विंडो के एमिनेट पर्सन मुकेश गोकल ने कहा कि डा. अंबेडकर न केवल हमारे लिए आदर्श हैं, बल्कि संघर्ष की मूर्ति भी है। उनके जीवन से सभी को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। उन्होंने हमें एक ही मंत्र दिया है कि राष्ट्र व समाज को आगे बढ़ाने के लिए जागरूक होना आवश्यक है और जागरूक होने के लिए समाज का शिक्षित होना अति आवश्यक है। भाजपा नेता एडवोकेट मुकेश रंगा ने कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर एक महान संविधान देकर गए हैं।

#### ये मौजूद रहे

इस अवसर पर भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य भगवानदास रंगा, समाजसेवी चौधरी शीशपाल, जननायक कपूर्री ठाकुर विकास मंच के अध्यक्ष वेदप्रिय आर्य, जितेंद्र गुगलिया, सतीश प्रजापत, प्रजापत समाज के प्रधान संजय प्रजापत, पूर्व पार्षद महेश कुमार, नंबरदार कपिल रंगा, भगवतदयाल, मोतीलाल, सुरेंद्र, भाजपा मंडल मीरपुर के उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव, उमराव सिंह, रूपचंद गार्ड, राजू जाटव, एडवोकेट मनीष रंगा, सचिन रंगा, हरिकिशन पवार, दीपेंद्र राव आदि मौजूद रहे।

## पुलिस की ओर से अपराधियों की धरपकड़ के लिए ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन चलाया

# नशा तस्करी, हथियार व अवैध शराब कारोबार में संलिप्त 13 आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस की ओर से अपराधियों की धरपकड़ के लिए ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जुआ-सट्टा, नशा, अवैध हथियार, शराब तस्करी और अवैध गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों पर कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस की विभिन्न टीमों ने संवेदनशील, भीड़भाड़ वाले तथा अपराध प्रभावित क्षेत्रों में सघन चैकिंग अभियान चलाकर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।





रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी संजोग उर्फ संजू व आरोपी दीपांशु। फोटो : हरिभूमि

**जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई**

कसोला थाना पुलिस ने जुआ खेलते हुए तीन आरोपी कृष्ण निवासी बावल, जयपाल व दीपक निवासी गांव बनीपुर को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 8500 रुपये बरामद किए। मॉडल टाउन पुलिस ने सट्टाखाई वाली करते हुए आरोपी राहुल उर्फ गौरव निवासी मोहल्ला संघी का बास को गिरफ्तार करके 3375 रुपये बरामद किए है। अभियान के तहत कोसली थाना पुलिस टीम ने गांव लिसान निवासी सुमित उर्फ गोलु को 15 बोतल देशी शराब सहित काबू किया है। कसोला पुलिस टीम ने गांव नवादा जिला रोहताश बिहार हाल किरायेदार गांव पातुहेडा निवासी आरोपी रंजन को 11 बोतल देशी शराब सहित काबू किया है।

#### पुलिस की नशा तस्करी पर बड़ी कार्रवाई

सेक्टर-6 धारूहेड़ा थाना पुलिस ने 75 ग्राम नशीला पदार्थ गांजा के साथ आरोपी मुकेश कुमार निवासी गांव चिल्लू जिला अनेठी यूपी हाल किरायेदार हाउसिंग बोर्ड को गिरफ्तार किया है। वही खोल थाना पुलिस ने 50.50 ग्राम नशीला पदार्थ गांजा के साथ पंकज निवासी गांव मंदौला को गिरफ्तार किया है। शहर थाना पुलिस ने 10.83 ग्राम नशीला पदार्थ स्मैक के साथ आरोपी वेदप्रकाश निवासी मोहल्ला मुक्तिवाडा को काबू किया है। बावल थाना पुलिस ने प्रतिबंधित दवाईयों में 240 कैप्सूल के साथ आरोपी संजोग उर्फ संजू निवासी गांव नैचाना को गिरफ्तार किया है। इनके अलावा थाना सदर पुलिस अवैध नशीला पदार्थ स्मैक तस्करी के मामले में संलिप्त दूसरे आरोपी हितेश उर्फ हरपाल निवासी गांव गोकलगढ़ को गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व गत 3 दिसंबर को पुलिस ने मामले में विशाल कुमार निवासी गांव गोकलगढ़ को 1.14 ग्राम नशीला पदार्थ स्मैक सहित पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। सीआईए रेवाड़ी ने 1 अवैध देशी पिस्टल के साथ आरोपी दीपांशु निवासी गांव गुजरीवास को गिरफ्तार किया है।

### टूमना के नवनिर्मित मंदिर में श्री श्याम प्रभु की प्रतिमा स्थापित



रेवाड़ी। श्रीश्याम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराते महंत। फोटो : हरिभूमि

कोसली। टूमना गांव में नवनिर्मित श्री खाटू श्याम मंदिर में श्री श्याम प्रभु की प्रतिमा की स्थापना व प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। कोसली मठ के महंत शिवपुरी व दड़ौली आश्रम के महंत सर्मपणानंद ने वैदिक मंत्रोच्चार और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई। कार्यक्रम में टूमना सहित आसपास के गावों के श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर के पट खुलते ही वातावरण जयकारों से गूंज उठा। हारे का सहारा, खाटू हमारा के उद्घोष के साथ एक अरसे से इस पावन क्षण की प्रतीक्षा कर रहे श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। भजन गायकों ने श्याम बाबा तेरे दर पे आया हूं और तेरे चरणों में अरदास लाया हूं जैसे गीतों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच चांदसिंह, कैप्टन महेंद्र सिंह, नरेंद्र, राम सिंह, नवीन मेहरा, प्रदीप भगत, दिनेश, संदीप, दीपक, वेद सिंह, दीपक जेई, रविंद्र एमपीएचडब्लू व गोलू सहित गांव के अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।